आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.
महारत्न कंपनी

REC Limited | आरईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

एसईसी-1/187(2)/2024/2054 दिनांक: 20 नवंबर, 2024

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग,**<br>**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड**<br>**एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,**<br>**बांद्रा (पूर्व), मुंबई - ४०० ०५१** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग,**<br>**बीएसई लिमिटेड**<br>**पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स,**<br>**दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई - ४०० ००१** |
| स्क्रिप कोड-RECLTD | स्क्रिप कोड-532955 |
| Listing Department,<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai-400 051 | Corporate Relationship Department,<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001 |
| Scrip Code-RECLTD | Scrip Code-532955 |

**विषय: दो (2) अनुषंगी कंपनियों के निगमन की सूचना।**

महोदय/महोदया,

26 अक्टूबर, 2024 के हमारे पत्र की निरंतरता में और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 की अनुसूची III के साथ पठित विनियम 30 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित दो (2) अनुषंगी कंपनियों को आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड ("आरईसीपीडीसीएल") (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के रूप में निगमित किया गया है:

1) महान ट्रांसमिशन लिमिटेड (सीआईएन: U42202DL2024GOI438962)

2) कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड (सीआईएन: U42202DL2024GOI438966)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(87) के प्रावधानों के अनुसार उक्त कंपनियां आरईसी लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियां भी हैं। अन्य अपेक्षित विवरण इसके साथ **अनुलग्नक-I** के रूप में संलग्न हैं।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

Jyoti Shubhra Amitabh

(जे. एस. अमिताभ)
कार्यकारी निदेशक और कंपनी सचिव

संलग्न: उपरोक्तानुसार

**अनुलग्नक-I**

**पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों का निगमन**

| क्र. सं. | विवरण | महान ट्रांसमिशन लिमिटेड | कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड |
|---|---|---|---|
| 1. | लक्षित एंटिटी का नाम, संक्षिप्त विवरण जैसे आकार, टर्नओवर आदि | नाम: महान ट्रांसमिशन लिमिटेड<br>अधिकृत पूंजी: ₹5,00,000/-<br>चुकता पूंजी: ₹5,00,000/-<br>टर्नओवर: लागू नहीं (यह एक नई निगमित कंपनी है और अभी तक अपना कारोबार शुरू नहीं किया है)।<br><br>ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश सरकार ने 28 अगस्त, 2024 के अपने आदेश के तहत एक इंट्रा-स्टेट पारेषण परियोजना आवंटित की था, जिसमें मैसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 2X800 मेगावाट थर्मल पावर परियोजना से एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से 1230 मेगावाट बिजली (एमपीपीटीसीएल भाग) की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली हेतु बोलीदाता के चयन के उद्देश्य से आरईसीपीडीसीएल को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में नियुक्त किया गया है।<br><br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, महान ट्रांसमिशन लिमिटेड को नवंबर, 2024 को निगमित किया गया है। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) दिशानिर्देशों के अनुसार सफल बोलीदाता के चयन के बाद, उक्त कंपनी को सभी परिसंपत्तियां और देयताओं के साथ सफल बोलीदाता को स्थानांतरित कर दी जाएगी। | नाम: कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड<br>अधिकृत पूंजी: ₹5,00,000/-<br>चुकता पूंजी: ₹5,00,000/-<br>टर्नओवर: लागू नहीं (यह एक नई निगमित कंपनी है और अभी तक अपना कारोबार शुरू नहीं किया है)।<br><br>विद्युत मंत्रालय ने 19 सितंबर, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से एक पारेषण परियोजना आवंटित की थी, जिसमें कुरनूल-IV आरईजेड-चरण-I का एकीकरण (4.5 गीगावॉट के लिए) के लिए पारेषण प्रणाली हेतु बोलीदाता के चयन के उद्देश्य से आरईसीपीडीसीएल को बोली प्रक्रिया समन्वयक (बीपीसी) के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है।<br><br>उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड को नवंबर, 2024 को निगमित किया गया है। टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) दिशानिर्देशों के अनुसार सफल बोलीदाता के चयन के बाद, उक्त कंपनी को सभी परिसंपत्तियां और देयताओं के साथ सफल बोलीदाता को स्थानांतरित कर दी जाएगी। |
| 2. | क्या अधिग्रहण संबंधित पार्टी लेन-देन के अंतर्गत आएगा और क्या प्रमोटर/प्रमोटर समूह/समूह कंपनियों का अधिग्रहण की जा रही एंटिटी में कोई रुचि है?<br><br>यदि हाँ, तो रुचि की प्रकृति और उसका विवरण और क्या यह कार्य "आर्म्स लेंथ" पर किया गया है | महान ट्रांसमिशन लिमिटेड, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, इसलिए यह आरईसी लिमिटेड की एक संबंधित पार्टी है।<br><br>प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों की शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर महान ट्रांसमिशन लिमिटेड में कोई रुचि नहीं है। | कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड, आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, इसलिए यह आरईसी लिमिटेड की एक संबंधित पार्टी है।<br><br>प्रवर्तक, प्रवर्तक समूह/समूह कंपनियों की शेयरधारिता की सीमा को छोड़कर कुरनूल-IV ट्रांसमिशन लिमिटेड में कोई रुचि नहीं है। |
| 3. | जिस उद्योग से अधिग्रहण की जा रही एंटिटी संबंधित है | विद्युत क्षेत्र | विद्युत क्षेत्र |
| 4. | अधिग्रहण के उद्देश्य और प्रभाव (लक्षित एंटिटी के अधिग्रहण के कारणों का प्रकटीकरण, यदि उसका कारोबार सूचीबद्ध एंटिटी के कारोबार की मुख्य धारा से बाहर है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है) | कंपनी को मैसर्स महान एनर्जी लिमिटेड के प्रस्तावित 2X800 मेगावाट थर्मल पावर परियोजना से एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से 1230 मेगावाट बिजली (एमपीपीटीसीएल भाग) की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली हेतु निगमित किया गया है। | कंपनी को कुरनूल-IV आरईजेड-चरण-I (4.5 गीगावॉट के लिए) के एकीकरण के लिए पारेषण प्रणाली हेतु निगमित किया गया है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | अधिग्रहण के लिए आवश्यक किसी भी सरकारी या नियामक अनुमोदन का संक्षिप्त विवरण | ऊर्जा विभाग, मध्य प्रदेश सरकार ने 28 अगस्त, 2024 के आदेश के अनुसार निगमित किया गया, जिसमें आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। | विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 19 सितंबर, 2024 की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार निगमित किया गया, जिसमें आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को बोली प्रक्रिया समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। |
| 6. | अधिग्रहण पूरा करने के लिए सांकेतिक समय अवधि | लागू नहीं। | लागू नहीं। |
| 7. | प्रतिफल की प्रकृति - चाहे नकद प्रतिफल हो या शेयर स्वैप और उसका विवरण | नकद में इक्विटी शेयर पूंजी का 100% सब्सक्रिप्शन। | नकद में इक्विटी शेयर पूंजी का 100% सब्सक्रिप्शन। |
| 8. | अधिग्रहण की लागत या वह कीमत जिस पर शेयर खरीदे जाते हैं | अंकित मूल्य पर इक्विटी शेयर का 100% सब्सक्रिप्शन | अंकित मूल्य पर इक्विटी शेयर का 100% सब्सक्रिप्शन |
| 9. | शेयरधारिता/अधिग्रहीत नियंत्रण का प्रतिशत और/या अर्जित शेयरों की संख्या | 100% | 100% |
| 10. | उत्पादों/व्यवसाय के क्षेत्र, निगमन की तिथि, पिछले 3 वर्षों के टर्नओवर का इतिहास, जिस देश में अधिग्रहीत एंटिटी की उपस्थिति है और कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी (संक्षेप में) के संदर्भ में अधिग्रहीत एंटिटी के बारे में संक्षिप्त पृष्ठभूमि | आरईसीपीडीसीएल अन्य बातों के साथ-साथ समय-समय पर विद्युत मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा सौंपे गए स्वतंत्र इंटर-स्टेट और इंट्रा-स्टेट पारेषण परियोजना के लिए टीबीसीबी प्रक्रिया के माध्यम से पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए "बोली प्रक्रिया समन्वयक" के रूप में कार्य करता है। | आरईसीपीडीसीएल अन्य बातों के साथ-साथ समय-समय पर विद्युत मंत्रालय और राज्य सरकारों द्वारा सौंपे गए स्वतंत्र इंटर-स्टेट और इंट्रा-स्टेट पारेषण परियोजना के लिए टीबीसीबी प्रक्रिया के माध्यम से पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए "बोली प्रक्रिया समन्वयक" के रूप में कार्य करता है। |

******************